# राजस्थान सरकार
# प्रारम्भिक शिक्षा (आयोजना) विभाग

क्रमांक : 13114 दिनांक : 7/2/18

निदेशक,
प्रारम्भिक शिक्षा,
निदेशालय बीकानेर।

निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा,
निदेशालय बीकानेर।

निदेशक,
एसआईईआरटी
उदयपुर।

विषय : NAS 2017 की जिला रिपोर्ट कार्ड में प्राप्त विषयवार लर्निंग आउटकम के न्यूनतम प्रदर्शन (Lowest Performing) में सुधार हेतु कार्ययोजना का क्रियान्वयन।
संदर्भ : पूर्व पत्र क्रमांक 12730–31 दिनांक 25.01.2018

उपरोक्त विषय में लेख है कि NAS 2017 के जिला रिपोर्ट कार्ड में प्राप्त विषयवार लर्निंग आउटकम के. न्यूनतम प्रदर्शन (Lowest Performing) में सुधार हेतु कार्ययोजना बनाकर शिक्षण कार्य करवाये जाने हेतु समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों (प्राशि एवं माशि), डाइट प्राचार्यों और अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयकों (एसएसए एवं रमसा) को संदर्भित पत्र द्वारा निर्देशित किया गया है। जिसकी प्रति आपको भी प्रेषित की गई है।

उक्त विषय/संदर्भित पत्र के अनुक्रम में निर्देशित किया जाता है कि आपके स्तर पर उक्त पत्र के Follow up हेतु निम्नानुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित की जावें –

- समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों, डाइट प्राचार्यों एवं अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयकों से उक्त संदर्भित पत्र की अनुपालना सुनिश्चित की जावे तथा की गई कार्यवाही की जानकारी ली जावें।
- NAS के जिला रिपोर्ट कार्ड में प्राप्त लर्निंग आउट कम आधारित परिणामों को जिले के सभी प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों के साथ साझा किया जायें।
- DEC और DAG बैठक में NAS जिला रिपोर्ट कार्ड (Performing) तथा आगामी कार्य योजना की PPT के माध्यम से चर्चा।
- एसआईईआरटी द्वारा कक्षा 1 से 8 तक के विषयवार लर्निंग आउटकम एवं उनके बहुआयामी उपयोग के आधार पर प्रश्नबैंक तैयार कर सभी डाइटों को प्रेषित किये जाये डाइटों द्वारा जिले के सभी प्रधानाध्यापकों को वे प्रश्न बैंक इस निर्देश के साथ भेजे जावें कि परिक्षाओं की तैयारी व प्रश्न पत्र निर्माण में प्रश्न बैंक का सहयोग भी लिया जा सकता है।
- जिला रिपोर्ट कार्ड में प्राप्त Low performance out comes में सुधार हेतु डाइट स्तर पर प्रश्न बैंक/गतिविधियां फ्रेम कर सभी प्रधानाध्यापकों, पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारियों को उपलब्ध कराई जायें।
- बीईईओ/पीईईओ स्तर पर होने वाली मासिक कार्यशालाओं में जिले के Low performance out comes में सुधार हेतु नवाचारों और गतिविधियों पर चर्चा की जावें। तद्नुसार सुधार की समीक्षा भी की जावें।
- विद्यालय में आयोजित की जाने वाली SMC व SDMC की मासिक बैठकों में भी कक्षावार, विषयवार लर्निंग आउटकम को अभिभावकों एवं सदस्यों के साथ साझा किए जायें।

www.rajteachers.com

* SIQE कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित होने वाली कलस्टर कार्यशालाओं हेतु जारी दिशा निर्देशों में भी Low Performance learning out comes पर चर्चा की जाकर कक्षा शिक्षण में इस पर गहन कार्य करने हेतु निर्देशित किया जावें।
* निदेशालय प्राशि , माशि एवं एसआईईआरटी के स्तर पर होने वाली जिला शिक्षा अधिकारियों और डाइट प्राचार्यों की बैठकों में NAS परिणामों पर कार्ययोजना व क्रियान्वयन की समय–समय पर समीक्षा की जावें।

उक्त निर्देशों की पालना सुनिश्चित करते/कराते हुए कार्यक्रम के Follow up में जिला स्तर पर की गई दायित्वहीनता की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुये अधोहस्ताक्षरकर्ता को सूचित किया जावें।

**संलग्न : उपरोक्तानुसार**

www.rajteachers.com

(नरेश पाल गंगवार)
शासन सचिव

क्रमांकः 13115 दिनांक : 7/2/18

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार।
2. राज्य परियोजना निदेशक, रामाशिप, जयपुर।
3. समस्त उपायुक्त राप्राशिप एवं रामाशिप, शिक्षा संकुल जयपुर।
4. जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा एवं प्रारम्भिक शिक्षा समस्त जिले।
5. प्राचार्य डाइट, समस्त जिले।
6. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, सर्व शिक्षा अभियान एवं रमसा समस्त जिले।

आयुक्त (राप्राशिप)

# राजस्थान सरकार
# प्रारम्भिक शिक्षा (आयोजना) विभाग

क्रमांक : 12630 | दिनांक : 25/1/18

जिला शिक्षा अधिकारी,
माध्यमिक शिक्षा
समस्त जिले।

जिला शिक्षा अधिकारी,
प्रारम्भिक शिक्षा
समस्त जिले।

प्रधानाचार्य,
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट)
समस्त जिले।

अति. जिला परियोजना समन्वयक,
सर्व शिक्षा अभियान/राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान,
समस्त जिले।

विषय : NAS 2017 की जिला रिपोर्ट का अध्ययन कर कक्षावार और विषयवार लर्निंग आउटकम के न्यूनतम प्रदर्शन (Lowest Performing) में सुधार हेतु कार्ययोजना बनाकर शिक्षण करवाये जाने बाबत्।

उपरोक्त विषय में लेख है कि कक्षा 3, 5 एवं 8 के लिये नवम्बर 2017 में आयोजित किये गये **NAS 2017 का लर्निंग आउटकम आधारित जिला रिपोर्ट कार्ड भारत सरकार द्वारा जारी किया जा चुका है। आपके द्वारा अपने जिले के रिपोर्ट कार्ड का अवलोकन कर लिया गया होगा। जिला रिपोर्ट कार्ड में लर्निंग आउट क्रम के आधार पर विषयवार और कक्षावार Average और Lowest Performance प्रदर्शित** की गई है।

**आप सभी पांचों अधिकरियों की जिले की शैक्षिक प्रगति में बराबर भागीदारी है अतः आप जिले की Lowest Performance में सुधार हेतु जिला स्तर पर एकीकृत कार्ययोजना तैयार करें तद्नुसार सभी पीईईओ एवं बीईईओ की बैठकें कर NAS परिणामों पर चर्चा करे एवं आगामी कार्य योजना बनावें ।**

उक्त संदर्भ में आपको निर्देशित किया जाता है कि निम्न निर्देशों का तत्काल पालन किया जाना सुनिश्चित करें –

1. अपने जिले की **रिपोर्ट डाउनलोड कर जिले के समस्त विभागीय अधिकारियों, बीईईओ, पीईईओ तक पहुँचाना सुनिश्चित करें।**
2. जिला रिपोर्ट कार्ड निम्न 4 भागों में विभाजित है जिसमें विभिन्न प्रकार से सूचनायें दी गई हैं –
   - **Average Performance of Students**
     इस भाग में कक्षा और विषय की overall performance एवं Gender, Area एवं Social Group वार performance दी गई है। जैसे किसी विषय में overall performance 75 % है तो इसका अर्थ यह है कि जिले में इस कक्षा और विषय के औसत 75 % विद्यार्थियों ने सही उत्तर दिये है।
   - **Performance on Learning outcomes**
     इस भाग में लर्निंग आउटकम के अनुसार औसत प्रदर्शन प्रतिशत में दिया गया है जैसे – किसी लर्निंग आउटकम में Aveagae Performance 60 % है तो इसका अर्थ यह है कि उस लर्निंग आउटकम में 60 % विद्यार्थियों ने प्रश्नों के सही उत्तर दिये है।
   - **Range of Performance of Students who answerd correctly**
     इस भाग में सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों की निम्नानुसार Range प्रदर्शित की गई है जैसे –
     - ✓ 30 % से कम सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत
     - ✓ 30 से 50 % के बीच सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत
     - ✓ 50 से 75 % के बीच सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत
     - ✓ 75 % से अधिक सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत
   - **Lowest Performing Learning outcomes**
     इस भाग में वे लर्निंग आउटकम बताये गये है जिनमें विद्यार्थियों ने न्यूनतम प्रदर्शन (Lowest Performance) किया है। कक्षा और विषय के अनुसार न्यूनतम प्रदर्शन में सुधार हेतु विशेष गतिविधियां चिन्हित की जाकर कक्षा शिक्षण हेतु कार्ययोजना बनायी जानी अपेक्षित है।

www.rajteachers.com

3. जिला रिपोर्ट कार्ड में दिये गये Lowest Performing Learning outcomes में सुधार हेतु अपने जिले अनुसार कार्ययोजना बनाये, एसआईक्यूई एवं एबीएल के आधार पर ऐसी गतिविधियां चिन्हित करें जिनसे कक्षा शिक्षण के दौरान सम्बन्धित लर्निंग आउटकम प्रदर्शन में सुधार हो सकें।

4. डाइट स्तर पर विभिन्न विषय–विशेषज्ञों की कार्यशाला आयोजित कर व्यवहारिक गतिविधियां तय की जावें जो गाइड लाइन के रूप में सभी पीईईओ एवं सभी प्रधानाध्यापकों तक पहुँचाई जावें।

5. कलस्टर कार्यशाला में NAS रिपोर्ट फाइडिंगस पर चर्चा की जावें तथा कम उपलब्धि वाले लर्निंग आउटकम वाले कक्षा शिक्षण में विशेष जोर दिया जावें। विषयवार लर्निंग आउटम कम सभी विद्यालयों में उपलब्ध है। अतः यह सुनिश्चित करें कि कक्षा शिक्षण लर्निंग आउटकम के आधार पर हो।

6. National Achievement Survey 2017 कक्षा 3, 5 एवं 8 के लिये एक प्रकार से जिले की शैक्षिक गुणवत्ता का बेस लाइन है। अतः इस प्रकार योजना बनाये कि इस सर्वे में जिन लर्निंग आउटकम में विद्यार्थियों का प्रदर्शन कमजोर रहा है अगले शैक्षिक सत्र के NAS में सुधार सुनिश्चित हो सकें।

7. डाइट और सर्व शिक्षा अभियान द्वारा आयोजित किये जाने वाले शिक्षक प्रशिक्षणों में NAS के जिला रिपोर्ट कार्ड पर चर्चा की जावें तथा न्यूनतम प्रदर्शन वाले लर्निंग आउटकम में सुधार हेतु गतिविधियां/प्रयास किये जाने हेतु शिक्षकों को प्रेरित किया जायें।

8. जिले के सभी विभागीय अधिकारी, बीईईओ, पीईईओ यह सुनिश्चित करें कि NAS का जिला रिपोर्ट कार्ड उनके पास उपलब्ध रहें तथा उनको यह जानकारी रहे कि लर्निंग आउटकम के आधार पर जिले की कक्षा 3, 5 और 8 की विषयवार Average Performance क्या है।

9. न्यूनतम प्रदर्शन वाले लर्निंग आउटकम में सुधार हेतु सम्बन्धित विषय शिक्षकों की बैठकें एवं कार्यशालायें पीईईओ और बीईईओ स्तर पर आयोजित करें।

10. पर्यवेक्षण करने वाले अधिकारी जिला रिपोर्ट कार्ड का अध्ययन करें और विद्यालय अवलोकन के समय लर्निंग आउटकम के आधार पर न्यूनतम प्रदर्शन में सुधार हेतु विषय शिक्षकों से चर्चा करें।

**DEC एवं ब्लॉक शिक्षा समिति की बैठक में NAS परिणामों को साझा करते हुए सभी संस्था प्रधानों को लर्निंग आउटकम के अनुसार शिक्षण कार्य करवाने हेतु निर्देशित करें।**

उपरोक्त निर्देशों की पालना तत्काल किया जाना सुनिश्चित करें।

www.rajteachers.com

25/1/18

(नरेश पाल गंगवार)
शासन सचिव

क्रमांकः 12630-31 दिनांक : 25/1/18

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार।
2. राज्य परियोजना निदेशक, रामाशिप, जयपुर।
3. निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा, निदेशालय बीकानेर।
4. निदेशक माध्यमिक शिक्षा, निदेशालय बीकानेर।
5. निदेशक, एसआईईआरटी, उदयपुर।
6. अति. आयुक्त, राप्राशिप, जयपुर।
7. अति. राज्य परियोजना निदेशक, रामाशिप, जयपुर।
8. उपायुक्त शोध/NAS राप्राशिप, जयपुर।
9. उपायुक्त गुणात्मक शिक्षा राप्राशिप, जयपुर।
10. उपनिदेशक प्रारम्भिक शिक्षा, समस्त शिक्षा संभाग।
11. उपनिदेशक माध्यमिक शिक्षा, समस्त शिक्षा संभाग।
12. उपनिदेशक गुणात्मक शिक्षा/प्रशिक्षण राप्राशिप, जयपुर।
13. ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, समस्त ब्लॉक।
14. पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, समस्त पंचायत।
15. रक्षित पत्रावली।

25/1/18

(डॉ. [illegible] चौधरी)
आयुक्त/[illegible]